University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

# University in News on 22 October 2020

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 3 & 5

### तीन चरणों में होगी बीएड काउंसिलिंग

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020-22 में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग तीन चरणों में होगी। इसकी शुरुआत 19 नवंबर से होनी है। विस्तृत कार्यक्रम जल्द जारी किया जाएगा। तीन चरणों में पहला मेन काउंसिलिंग, दूसरा पूल काउंसिलिंग और तीसरा सीधा दाखिला है। प्रवेश समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि सभी कुलसचिवों को स्पष्ट निर्देश दे दिये गये हैं कि वह विवि के स्नातक-स्नातकोतर के अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित करायें।

### लविवि में यूपीएसईई के माध्यम से एमबीए, एमसीए और एमटेक के दाखिले

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में एमबीए, एमसीए और एमटेक के दाखिले एकेटीयू द्वारा आयोजित राज्य प्रवेश परीक्षा (यूपीएसईई) के माध्यम से होंगे। जो अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में उपस्थित हुए हैं, वे वर्तमान में चल रही काउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि व्यवसाय प्रशासन विभाग के तहत चलने वाले एमबीए कार्यक्रम की सभी 180 सीटों के लिए राज्य प्रवेश परीक्षा-2020 काउंसिलिंग के माध्यम से ही प्रवेश होंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय राज्य प्रवेश परीक्षा में प्राप्त मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों को रेग्युलर या स्व-वितपोषित पाठ्यक्रम में सीटों का आवंटन करेगा। लविवि में रेग्युलर की 60 सीटें और 120 सीटें स्ववितपोषित पाठ्यक्रम की हैं।

**प्रवेश परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी कांउसिलिंग में ले सकते हैं भाग**

#### सीटों की स्थिति

| पाठ्यक्रम | सीट | फीस |
|---|---|---|
| एमबीए रेग्युलर | 60 | 48173 |
| एमबीए सेल्फ. | 120 | 81,080 |
| आईएमएस | | |
| एमबीए फाइनेंस | 120 | 81,080 |
| एमबीए एचआर | 120 | 81,080 |
| एमबीए मार्केटिंग | 120 | 81,080 |
| एमबीए आईबी | 60 | 81,080 |
| एमबीए एंटरप्रेन्योर | 60 | 81,080 |
| एमटीटीएम | 60 | 28,080 |
| बीटेक सीएस | 120 | 60,080 |
| बीटेक सिविल | 60 | 60,080 |
| बीटेक इलेक्ट्रिक | 60 | 60,080 |
| बीटेक इलेक्ट्रॉनिक | 60 | 60,080 |
| बीटेक मैकेनिकल | 60 | 60,080 |
| एमसीए | 60 | 56,080 |

## NBT PAGE 4

### एलयू में एक से चलेंगी कक्षाएं

■ **एनबीटी, लखनऊः** शासन के निर्देश के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय स्नातक की कक्षाएं भी कैंपस में शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को सभी विभागाध्यक्षों और डीन की बैठक बुलाई है। बैठक में एक नवंबर से स्नातक की कक्षाएं चलाने की रणनीति तैयार की जाएगी।

## DAINIK JAGRAN PAGE 4

### लविवि यूपीएसईई के माध्यम से बीटेक की भरेगा सीटें

**लविवि -एकेटीयू में समझौता**



**जासं, लखनऊ :** लविवि प्रशासन और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि में यूपीएसईई के दाखिलों को लेकर समझौता हुआ है। समझौते के तहत लविवि अब बीटेक, एमबीए और एमसीए की सीटें यूपीएसईई (उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा) के माध्यम से भरेगा।

एकेटीयू द्वारा आयोजित की जा रही यूपीएसईई 2020-21 की काउंसिलिंग के माध्यम से लविवि बीटेक, एमबीए और एमसीए की खाली सीटें भरेगा। अभ्यर्थियों को लविवि द्वारा यूपीएसईई में प्राप्त मेरिट के आधार पर रेगुलर व सेल्फ फाइनेंस कोर्सेज में सीटों का आवंटन किया जाएगा।

**कार्यालय में छात्र ले सकते हैं जानकारी :** लविवि प्रसाशन द्वारा बताया गया कि इस बार यूपीएसईई के माध्यम से इन कोर्सों में विद्यार्थियों का दाखिला लेगा। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए लविवि के एडमीशन ऑफिस में जाकर जानकारी ले सकते हैं।

**एक नवंबर से कक्षाएं शुरू करने की तैयारी :** लविवि ने एक नवंबर से यूजी की कक्षाएं संचालित करने की तैयारी शुरू कर दी है। शासन ने बीते दिनों एक नवंबर से कक्षाएं शुरू करने के आदेश दिए थे। इस संबंध में गुरुवार को कुलपति आलोक कुमार राय ने सभी विभागाध्यक्षों और डीन की बैठक बुलाई। बैठक में कक्षाएं शुरू होने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। सैनिटाइजेशन व विद्यार्थियों में शारीरिक दूरी का पालन कराए जाने समेत अन्य विभिन्न विंदुओं पर बात हुई।

## RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

### 19 नवंबर से होगी बीएड की काउंसलिंग

लखनऊ। संयुक्त प्रवेश परीक्षा वीएड - 2020-22 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउन्सिलिंग प्रक्रिया का संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। अव काउन्सिलिंग 19 नवम्वर 2020 से प्रारम्भ होगी। यह ऑनलाइन काउन्सिलिंग प्रक्रिया तीन चरणों (मेन काउन्सिलिंग, पूल काउन्सिलिंग एवं सीधे प्रवेश) में सम्पन्न करायी जायेगी, जवकि वीएड 2020-21 का नया सत्र 10 दिसम्वर 2020 से प्रारम्भ होगा। वीएड 2020-21 की ऑनलाइन काउन्सिलिंग प्रक्रिया के लिए प्रस्तावित तिथि में अव कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। सभी विश्वविद्यालय के कुलसचिवों को स्पष्ट निर्देश दे दिये गये हैं कि वह अपने विश्वविद्यालय के स्नातक/स्नातकोत्तर के अन्तिम वर्ष के परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित करायें, जिससे 19 नवम्वर 2020 से प्रस्तावित वीएड 2020-22 की ऑनलाइन काउन्सिलिंग प्रक्रिया में सभी अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकें।

## PIONEER PAGE 4

### एमबीए, बीटेक व एमसीए में एसईई के माध्यम से भरेगा सीटें एलयू



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने यहां पर संचालित एमबीए, बीटेक व एमसीए कोर्सेज में एडमिशन एसईई के माध्यम से करने का निर्णय लिया है। स्टूडेंट्स को एलयू द्वारा यूपीएसईई एंट्रेंस एग्जाम में प्राप्त मेरिट के आधार पर रेगुलर व सेल्फ फाइनेंस कोर्सेज में सीटों का आवंटन किया जाएगा। स्टूडेंट्स विस्तृत जानकारी के लिए एलयू के एडमीशन ऑफिस में सम्पर्क या वेबसाइट का अवलोकन कर सकतें हैं।

## AMRIT VICHAR PAGE 2

### बीएड कॉलेजों में 19 नवंबर से होगी काउंसिलिंग

**लखनऊ।** राजधानी समेत प्रदेश भर के बीएड कॉलेजों में एडमिशन के लिए 19 नंवबर से काउंसलिंग शुरू हो जायेगी। विश्वविद्यालय ने संशोधित शेड्यूल बुधवार को जारी किया है।

इस बात की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 19 नवंबर से काउंसिलिंग शुरू हो जायेगी। उन्होंने बताया कि बीएड कॉलेजों में आगामी 10 दिसम्बर से नए सत्र की शुरुआत की जाएगी। प्रवेश के लिए काउंसलिंग 19 नवम्बर से होगी। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से यह कार्यक्रम तैयार किया गया है। अधिकारी जानकारी देते हुए बीएड की राज्य प्रवेश समम्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि पहले चरण में 19 नवंबर से 9 दिसंबर तक काउंसलिंग होगी। 10 दिसंबर से सत्र शुरू कर देंगे। उम्मीद है कि राजकीय और सहायता प्राप्त संस्थानों की 90 प्रतिशत सीटें भर पाएंगी।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

### 19 नवम्बर से होगी बीएड काउंसिलिंग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया का संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। अब काउंसिलिंग 19 नवम्बर से शुरू होगी।

इसकी जानकारी देते हुए राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि यह ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया तीन चरणों (मेन काउंसिलिंग, पूल काउंसिलिंग और सीधे प्रवेश) में संपंन करायी जायेगी जबकि बीएड का नया सत्र 10 दिसम्बर से शुरू होगा। बीएड की ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया के लिए प्रस्तावित तिथि में अब कोई परिवर्तन नही किया जायेगा। सभी विवि के कुलसचिवों को स्पष्ट निर्देश दे दिये गये हैं कि वह अपने विवि के स्नातक/स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित करावें, ताकि काउंसिलिंग प्रक्रिया में सभी अभ्यर्थी भाग ले सकें। काउंसिलिंग तिथि में पूर्व में भी परिवर्तन किये गये हैं। अब इस तिथि में कोई परिवर्तन संभव नहीं होंगा। उन्होंने बताया कि इस बार शून्य शुल्क की सुविधा केवल सरकारी व अनुदानित महाविद्यालयों में दी जायेगी। इडब्ल्यूएस की सुविधा सरकारी, अनुदानित और गैर अनुदानित महाविद्यालयों में होगी लेकिन अल्पसंख्यक संस्थानों में यह सुविधा नही होगी।